Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَمَا نُرْسِلُ الْمُرْسَلِيْنَ اِلَّا مُبَشِّرِيْنَ وَمُنْذِرِيْنَ ۚ فَمَنْ اٰمَنَ وَاَصْلَحَ فَلَا خَوْفٌ عَلَيْهِمْ وَلَا هُمْ يَحْزَنُوْنَ

(सूरत अल् ईनाम : 49)

अनुवाद : और हम पैग़ंबर नहीं भेजते परन्तु इस हैसियत में कि वे खुशखबरी देने वाले और डराने वाले होते हैं। अतः जो ईमान ले आए और इस्लाह करे तो उन पर कोई भय नहीं और न वे कोई ग़म करेंगे।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 7
अंक- 19

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 575 रुपए वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

10 शवाल 1443 हिज्री कमरी, 12 हिजरत 1401 हिज्री शम्सी, 12 मई 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

रमज़ान के छूटे हुए रोज़े

(1950) अबू सलमा से रिवायत है उन्होंने कहा : मैं ने हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा से सुना, वे कहती थीं : रमज़ान के रोज़े मुझ पर वाजिब होते तो मैं उन्हें पूरा नहीं कर सकती परन्तु शाबान में। यहया ने कहा : नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की व्यस्तता की वजह से या यह कि वह नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में व्यस्त रहतीं।

अफ़तार का समय

(1954) हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि जब रात इधर से आ जाए और दिन उधर से पीठ मोड़ कर चला जाए और सूरज डूब जाए तो रोज़ादार इफ़तार कर चुका।

अफ़तार में जल्दी करनी

(1957) हज़रत सहल बिन साद रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : लोग भलाई में रहेंगे जब तक कि वे इफ़तार में जल्दी करेंगे।

(सही बुख़ारी, भगक 3 किताब अल् सौम, मुद्रित 2008 क़ादियान)

ख़ुदा के समक्ष उसके भय से प्रभावित हो कर रोना नर्क को हराम कर देता है
इस बात को कभी अपने दिल से मिटने न दो कि ख़ुदा तआला के समक्ष इख़लास और सच्चाई की क़दर है
हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

आँसू का एक क़तरा भी दोज़ख़ को हराम कर देता है

यदि अल्लाह तआला की प्रतिष्ठा और श्रेष्ठता और उस का भय का ग़लबा दिल पर हुआ और इस में एक रिक़्क़त और अनुरोध पैदा हो कर ख़ुदा के लिए एक क़तरा भी आँख से निकले, तो वह निसंदेह नर्क को हराम कर देता है। अतः इन्सान इस से धोखा न खाए कि मैं बहुत रोता हूँ। इस का फ़ायदा सिवाए इस के और कुछ नहीं कि आँख दुखने को आ जाएगी और इस प्रकार आँखों के रोग में पीड़ित हो जाएगा।

मैं तुम्हें नसीहत करता हूँ कि ख़ुदा के हुज़ूर उसकी भय से प्रभावित हो कर रोना दोज़ख़ को हराम कर देता है लेकिन यह रोना और तड़प नसीब नहीं होता जब तक कि ख़ुदा को ख़ुदा और उसके रसूल को रसूल और उसकी सच्ची किताब पर इल्म न हो न केवल इल्म बल्कि ईमान।

चिकित्सक जैसे एक मरीज़ को जुलाब देता है और उसको हल्के हल्के दस्त आते हैं वह रोग को ज़ाए नहीं करते, जब तक कि जिगरी दस्त न आ जाए। वह अपने साथ समस्त मवाद व्यर्थ और गन्दगी को लेकर निकलते हैं और हर किस्म की दुर्गन्ध और ज़हरें जिन्हों ने मरीज़ को अंदर ही अंदर कमज़ोर और व्याकुल कर रखा था उनके साथ निकल जाते हैं तब उस को शिफ़ा होती है। इसी तरह पर दिल से रौना और तड़पना आस्ताना उलूहियत पर हर एक किस्म की नफ़सानी गंदगियों और मुफ़सद मवाद को लेकर निकल जाता है और इस को पाक और साफ़ बना देता है। अल्लाह वालों का एक आँसू जो تَوْبَةُ النَّصُوح के वक़्त निकलता है दुनियादार अरु लालच के बंदे और दिखावे और अंधकार के गिरफ़्तार के एक दरिया बहा देने से अफ़ज़ल और आला है, क्योंकि वह ख़ुदा के लिए है और यह ख़ल्क़ के लिए या अपने नफ़स के वास्ते।

इस बात को कभी अपने दिल से मिटने न दो कि ख़ुदा तआला के हुज़ूर इख़लास और सच्चाई की क़दर है। तकल्लुफ़ और बनावट उसके हुज़ूर कुछ काम नहीं दे सकते।

(मल् फ़ूज़ात, भाग प्रथम, पृष्ठ 371 मुद्रित 2018 क़ादियान)

वे जो बेटियों को बुरा समझते हैं उनका यह कार्य निहायत ही गंदा है
यदि बेटियां न होतीं तो वे किस तरह पैदा होते और यदि भविष्य में बेटियां न हों तो उनके बेटों की नसल किस तरह चले
वह कौन सी किताब है जिस में आरंभ ही से औरत के हुक़ूक़ की हिफ़ाज़त और देखभाल की गई हो
वह केवल और केवल क़ुरआन-ए-मजीद ही है

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो सूरत नहल आयत : 60 يَتَوَارٰى مِنَ الْقَوْمِ مِنْ سُوْٓءِ مَا بُشِّرَ بِهٖ ۚ اَيُمْسِكُهٗ عَلٰى هُوْنٍ اَمْ يَدُسُّهٗ فِي التُّرَابِ ۚ اَلَا سَآءَ مَا يَحْكُمُوْنَ की तशरीह में फ़रमाते हैं :

अर्थात बावजूद पैतृक मुहब्बत के इस असमंजस में पड़ जाता है कि अपमान सहन करके लड़की को ज़िंदा रहने दे या उस बे-चारी को ज़िंदा दफ़ना दे।

इस बारे में यह बात याद रखनी चाहिए कि आम तौर पर लोगों को यह ग़लती लगी हुई है कि लड़कियों को ज़िंदा दफ़नाने का रिवाज अरबों में आम था लेकिन यह बात नहीं। यदि ऐसा होता तो फिर उनके मुल्क में लड़कियों की संख्या बहुत कम हो जानी चाहिए थी। असल बात यह है कि बे-शक लड़की की पैदाइश को तो अरब के सारे मुल्क में ही बुरा समझा जाता था परन्तु उनको ज़िंदा दफ़न करने का रिवाज वास्तव में केवल कुछ बड़े बड़े और घमंडी लोगों में था। लड़की की पैदाइश को बुरा समझना और बात है और उसे ज़िंदा दफ़ना देना और। आज तक लोग लड़की की पैदाइश को सामान्यतः बुरा समझते हैं اِلَّا مَا شَاءَ اللّٰه परन्तु उन्हें मारते कुछ ही लोग हैं। अरब में भी यह कार्य मक्का में बहुत ही कम होता था। आम तौर पर इन क़बायल में जो अपने आप को बहुत बड़ा समझते थे यह तरीक़ प्रचलित था और वह भी कुछ बड़े लोगों में। अतः इस जगह आम रस्म का वर्णन नहीं बल्कि क़ौम के बड़े लोगों के ऐसे फ़ेअल को वर्णन किया गया है जिस की नक़ल जबकि सारी क़ौम नहीं करती थी परन्तु उसे एक इज़्ज़त का कार्य सब समझते थे।

اَلَا سَآءَ مَا يَحْكُمُوْنَ में बताया है कि वे जो बेटियों को बुरा समझते हैं उनका यह कार्य अत्यधिक गंदा है यदि बेटियां नहीं होतीं तो वे किस तरह पैदा होते और यदि भविष्य में बेटियां न हों तो उनके बेटों की नसल किस तरह चले।

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - **निगरान बदर बोर्ड क़ादियान**

ख़ुत्बः जुमअः

"महान प्रतापी अल्लाह ने जो दरवाज़ा अपनी मख़लूक़ की भलाई के लिए खोला है वह एक ही है अर्थात दुआ, जब कोई व्यक्ति विलाप और पीढ़ा से इस दरवाज़ा में दाख़िल होता है, तो वह मौला करीम उसको पाकीज़गी और तहारत की चादर पहना देता है और अपनी अज़मत का ग़लबा उस पर इस क़दर कर देता है कि व्यर्थ के कामों से और बेकार की हरकतों से वह कोसों भाग जाता है" हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

रमज़ानुल मुबारक में दुआ की एहमीयत तथा क़ुबूलियत-ए-दुआ के अवामिल और शर्तों पर विस्तारपूर्वक वर्णन

ख़ुश-क़िस्मत हैं हम में से वे जो इस रमज़ान को हमेशा अपनी क़बूलियत-ए-दुआ का माध्यम बना लें,
अल्लाह तआला के हक़ीक़ी अबद बनने वाले हों, अल्लाह तआला के हुक्मों पर अमल करने वाले हों, अपने ईमान को कामिल करने वाले हों

दुनिया के हालात के पेश-ए-नज़र दुआओं की तहरीक "अल्लाह तआला दुनिया को तबाह कारियों से बचाए और उनको अक़्ल दे कि ये अपने पैदा करने वाले ख़ुदा को पहचानने वाले हों"

बदरी सहाबा के बारे में हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के इरशाद फ़र्मूदा ख़ुतबात-ए-जुमअः पर आधारित ऐम. टी. ए. की तैयार की गई वेबसाइट www.313companions.org का संचालन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 8 अप्रैल 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

وَإِذَا سَأَلَكَ عِبَادِيْ عَنِّيْ فَإِنِّيْ قَرِيْبٌ أُجِيْبُ دَعْوَةَ الدَّاعِ إِذَا دَعَانِ فَلْيَسْتَجِيْبُوْا لِيْ وَلْيُؤْمِنُوْا بِيْ لَعَلَّهُمْ يَرْشُدُوْنَ (अल् बकरः **:187**) इस आयत का अनुवाद है और जब मेरे बंदे तुझ से मेरे विषय में सवाल करें तो निसंदेह में क़रीब हूँ। मैं दुआ करने वाले की दुआ का उत्तर देता हूँ जब वे मुझे पुकारता है। अतः चाहिए कि वे भी मेरी बात पर लब्बैक कहें और मुझ पर ईमान लाएं ताकि वे हिदायत पा जाएँ।

अल्लाह तआला के फ़ज़ल से रमज़ान के महीने से हम गुज़र रहे हैं। यह महीना दुआओं की क़बूलीयत का महीना है। अल्लाह तआला ने इस महीने में विशेष रहमत से दुआओं को क़बूल करने का ऐलान फ़र्मा दिया है, अपने फ़ैज़-ए-ख़ास का चशमा जारी फ़र्मा दिया है क्योंकि इस में इन्सान अपना हर कार्य ख़ुदा तआला की रज़ा के हुसूल के लिए करता है। यहाँ तक कि खाना पीना भी अल्लाह तआला के हुक्म से और एक निर्धारित वक़्त में करता है। इसलिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि अल्लाह तआला फ़रमाता है कि जन्नत के दरवाज़े इस महीने में खोल दिए जाते हैं और दोज़ख़ के दरवाज़े बंद कर दिए जाते हैं। इस महीने में शैतान को जकड़ दिया जाता है। (सही मुस्लिम, किताब अल् सियाम, बाब फ़ज़ल शहर हदीस 2495)

अतः यह हमारा सौभाग्य है कि अल्लाह तआला ऐसे सामान हमारे लिए मुहय्या फ़र्मा देता है जिसमें हम अल्लाह तआला का क़ुरब पाने का सामान कर सकते हैं। यह हमारी बदक़िस्मती होगी कि ऐसे हालात अल्लाह तआला की तरफ़ से मयस्सर आने के बाद भी हम इस से फ़ैज़ न पा सकें। क्या दुनिया में रमज़ान के महीने में व्यभिचारी, डाकू, चोर, झूठे, फ़ाजिर अपने काम नहीं करते? करते हैं और निसंदेह करते हैं। यदि हर एक का शैतान जकड़ दिया जाए तो फिर वे ये शैतानी काम क्यों करें। यह नसीहत है मोमिनों को, उन लोगों को जो अल्लाह तआला का क़ुरब पाना चाहते हैं कि अल्लाह तआला ने रमज़ान के महीने में इसलिए कि तुम मेरे कहने से अपने आपको जायज़ काम से भी रोक रहे हो तो अल्लाह तआला फ़रमाता है कि मैं तुम्हें ख़ुशख़बरी देता हूँ कि आम हालात में जो शैतान को खुली छुट्टी है जैसा कि उसने अल्लाह तआला से मोहलत मांगी थी कि दाएं बाएं आगे पीछे से इन्सान पर हमला करे और उसे वरग़ला कर अपने पीछे चलाए उसे आज मैंने उन लोगों के लिए जकड़ कर बांध दिया है या रमज़ान के महीने में उसे बांध दिया है और उन लोगों को मुकम्मल अपनी हिफ़ाज़त के हिसार में ले लिया है जो मेरी ख़ातिर रोज़ा रख रहे हैं, अपने खाने पीने को कम कर रहे हैं, अपनी रूहानियत में बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया है कि माद्दी ख़ुराक को कम कर के रुहानी ख़ुराक में इज़ाफ़ा कर रहे हैं या कोशिश कर रहे हैं और यही रमज़ान की रूह है, रोज़े की रूह है। (उद्धरित मल् फ़ूज़ात, बहग 9 पृष्ठ 123)

अल्लाह तआला ऐसे लोगों के शैतान को मुकम्मल तौर पर जकड़ देता है और फिर अल्लाह तआला यह भी फ़रमाता है कि रोज़ेदार की जज़ा मैं ख़ुद हो जाता हूँ। (सही अल् बुख़ारी, किताब अल् तौहीद, बाब قول الله تعالیٰ یریدون ان یبدلوا کلام الله، हदीस 7492) कितनी बड़ी ख़ुशख़बरी है। अतः हमें इस से फ़ैज़ पाने की कोशिश करनी चाहिए और जन्नत के दरवाज़े जो अल्लाह तआला ने हमारे लिए खोले हैं उनमें हर दरवाज़े से दाख़िल होने की कोशिश करनी चाहिए। यह न हो कि हम अल्लाह तआला की इस बात के नीचे आने वाले बन जाएं जिसमें अल्लाह तआला फ़रमाता है कि मुझे तुम्हारे भूखा प्यासा रहने से कोई दिलचस्पी नहीं है। यदि तुमने सुबह सेहरी खा ली और शाम को अफ़तारी खा ली और रात और दिन में जो नेकियां करने की तुमसे आशा की जाती थी वे न कीं तो यह भूखा प्यासा रहना, सारा दिन कुछ खाना पीना न करना न तुम्हें कोई फ़ायदा देगा न अल्लाह तआला को तुम्हारे इस भूखा प्यासा रहने से कोई उद्देश्य है। यह पैग़ाम हमें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के माध्यम से मिला।

(सही अल् बुख़ारी, किताब अल् सौम, बाब من لم یدع قول الزور والعمل به فی الصوم، हदीस 1903)

अतः हमें इस रूह को समझने और उसके मुताबिक़ अपनी ज़िंदगियों को गुज़ारने की ज़रूरत है जो रमज़ान का उद्देश्य है।

ये आयत जो मैंने तिलावत की है यह रमज़ान की फ़र्ज़ीयत और अहकामात और रोज़ों की एहमीयत के बारे में वर्णन की जाने वाली आयात के बीच में आने वाली आयत है और इस आयत में अल्लाह तआला दुआओं की क़बूलीयत के तरीक़ या किन लोगों की दुआ क़बूल होती है उनके बारे में वर्णन फ़र्मा रहा है। इन लोगों के बारे में वर्णन फ़र्मा रहा है जो इबादुर्रहमान हैं, इबादुर्रहमान बनना चाहते हैं, शैतान के चंगुल से निकलना चाहते हैं, अपनी दुआओं की क़बूलीयत के नज़्ज़ारे देखना चाहते हैं। अल्लाह तआला ने शुरू ही इस तरह फ़रमाया कि जब मेरे बंदे हे रसूल! तुझ से सवाल करें और पूछें कि हमारा ख़ुदा कहाँ है? एक आशिक़ की

शेष पृष्ठ 6पर

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की आयरलैण्ड की यात्रा, सितम्बर 2014 ई. (भाग-5)

डबलिन शहर की ओर यात्रा

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर साहब, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

इस लिए आज हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के ख़ुतबा जुमा के साथ इस इलाक़े में बनने वाली "मस्जिद मर्यम" से ख़ुदा तआला की वहदानीयत का ऐलान ऐम. टी. ए के माध्यम सीधा सारे संसार को पहुंचा। अलहमदु लिल्लाह

प्रोग्राम के अनुसार हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ नमाज़-ए-जुमा की अदायगी के लिए होटल से रवाना हो कर एक बजे मस्जिद मर्यम पधारे और सबसे पहले मस्जिद की बाहरी दीवार में लगी हुई तख़्ती की निक़ाब कुशाई फ़रमाई। इसके बाद हुज़ूर अनवर ने मस्जिद में पधार कर ख़ुतबा जुमा इरशाद फ़रमाया।

तशह्हुद, ताव्वुज़ और सूरत फ़ातेहा की तिलावत के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने सूरत अल् तौबा की आयत नंबर 18 की तिलावत फ़रमाई और इस का निमंलिखित अनुवाद वर्णन फ़रमाया

"अल्लाह की मस्जिदें तो वही आबाद करता है जो अल्लाह पर ईमान लाए और यौम आख़िरत पर और नमाज़ क़ायम करे और ज़कात दे और अल्लाह के सिवाए किसी से भय न खाए। अतः क़रीब है कि ये लोग सफ़लता की ओर ले जाए जाऐंगे"

इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया अलहमदो लिल्लाह आज हमें आयरलैंड में जमाअत अहमदिया मुस्लिमा की पहली मस्जिद में अल्लाह तआला जुमा पढ़ने की तौफ़ीक़ अता फ़र्मा रहा है। अल्लाह तआला इस मस्जिद की बनने इसका क़ियाम प्रत्येक दृष्टि से बाबरकत फ़रमाए। जबकि यह छोटी सी मस्जिद है परन्तु इस बात का ऐलान है कि मसीह मुहम्मदी के मानने वाले यहां से ख़ुदा-ए वाहिद के एकेश्वरवाद का पाँच समय ऐलान करेंगे और इस में हाज़िर हो कर ख़ुदा-ए वाहिद की पाँच समय इबादत बजा लाएँगे। इस मस्जिद से इस आवाज़ को बुलंद करेंगे कि मस्जिदें तो अल्लाह तआला और उसके बंदों के हुक़ूक़ की अदायगी की जगह हैं न कि किसी फ़ित्ना और फ़साद की जगाह। ये मस्जिदें तो उस ख़ुदा की इबादत के लिए बनाई जाती हैं जो समस्त संसार का पालक है जिसने समस्त ज़मानों के इन्सानों के लिए अपनी रबूबियत का प्रकटन किया। जिसने भूतकाल में भी प्रत्येक क़ौम की भौतिकऔर रुहानी प्रगति के लिए अपनी रबूबियत का प्रकटन किया। आज भी अपनी रबूबियत से संसार को फ़ैज़याब कर रहा है और जो आइन्दा भी हमेशा नवाज़ता चला जाएगा फ़ैज़याब करता चला जाएगा। उसकी रबूबियत किसी विशेष क़ौम के लिए विशेष नहीं बल्कि समस्त जहानों और समस्त मख़लूक़ के लिए है। अतः इस दृष्टि से मसीह मुहम्मदी के मानने वालों की मस्जिदें इस बात का ऐलान करने के लिए हैं कि अल्लाह तआला की रुहानी रबूबियत की समझ प्राप्त करना है तो मसीह मुहम्मदी की जमाअत में शामिल होने वालों को ही यह हक़ीक़ी रंग में प्राप्त हो सकता है।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया : ये मस्जिदें इस बात का ऐलान करने के लिए हम बनाया करते हैं कि संसार के फसादों को दूर करने के लिए इस्लाम की इस सुन्दर शिक्षा पर ग़ौर करो जो मुहब्बत प्यार सुलह और अमन का संदेश देती है। ये मस्जिदें इस बात के ऐलान के लिए हैं कि संसार को मुहब्बत प्यार और भाई चारे की आवश्यकता है न कि जंग और जिदाल की न कि तलवार और तोप की। ये मस्जिदें जो हम बनाया करते हैं इस बात का ऐलान करती हैं कि इस मस्जिद में आने वाले का दिल हर किस्म के ज़ुल्मों और हुक़ूक़ ग़सब करने के विचारों से पाक है। हमारी ये मस्जिदें इस बात का निशान और केंद्र हैं कि यहां आने वाले दूसरों के हुक़ूक़ की अदायगी के लिए प्रत्येक किस्म की क़ुर्बानी करने हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : ये मस्जिदें जो हम बनाया करते हैं ये इस बात का ऐलान हैं कि धार्मिक आज़ादी का सबसे बड़ा अलमबरदार इस्लाम है और इसके प्रकटन के लिए हमारी मस्ज्दों के दरवाज़े प्रत्येक के लिए खुले हैं। प्रत्येक व्यक्ति जो एक ख़ुदा की इबादत करता है उसे मस्जिद में इबादत करने में कोई रोक नहीं। क़त-ए-नज़र इसके कि वह मुस्लमान है या ग़ैर मुस्लिम। हमारी मस्जिदें और इस में आने वाला प्रत्येक अहमदी इस बात का ऐलान करते हैं कि क़ुरआन की के अनुसार प्रत्येक हक़ीक़ी मुस्लमान पर समस्त धर्मों की इबादतगाहों की हिफ़ाज़त की ज़िम्मेदारी है और कर्तव्य है और इसके लिए उस ज़िम्मेदारी का अदा करना इतना ही ज़रूरी है जितना अपनी मस्जिद की हिफ़ाज़त करना। हमारी मस्जिदें हमें इस ओर भी ध्यान दिलाती हैं कि मोमिन के ईमान का हिस्सा मुल्क से वफ़ादारी भी है। एक मोमिन उस समय तक मोमिन नहीं हो सकता जब तक वह अपने मुल्क और क़ौम का वफ़ादार न हो। उद्देश्य कि बेशुमार बातें हैं जो मस्जिदें से हक़ीक़ी रंग में जुड़े होने वालों से ये मांग करती हैं कि मस्जिदों का हक़ उस समय अदा होता है जब अल्लाह तआला और उसके बंदों के हुक़ूक़ सही रंग में अदा हों। और ये समस्त बातें क़ुरआन का आदेश हमें अल्लाह तआला ने क़ुरआन-ए-करीम में दिया है और उन समस्त बातों के करने के लिए हमें हमारे आक़ा हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने बार-बार ध्यान दिलाया है और अपने अनुकरण और जीवनी से हुक़ूक़ अल्लाह और बन्दों के हक़ूक की अदायगी की है। इन्सानियत की क़द्रें क़ायम करने और मुहब्बत सलामती और अमन के क़ियाम के लिए आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने उदाहरण क़ायम किए। ये केवल कहने की बातें नहीं हैं बल्कि तारीख़ गवाह है कि एक अवसर पर आपने ईसाइयों को उनकी इबादत के समय अपनी मस्जिद, मस्जिद नब्वी में इबादत करने की आज्ञा दे दी और यही वह हक़ीक़ी इस्लामी शिक्षा है जिसको उस ज़माने में हमें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ग़ुलाम सादिक़ और आशिक़ सादिक़ ने अपने ऊपर लागू करने का आदेश दिया। यही वह हक़ीक़ी इस्लामी शिक्षा और अमल है जिसकी कुछ मिसालें मैंने प्रस्तुत कीं। इन पर अनुकरण करने और उनको फैलाने का हमें आदेश दे कर और हम से उम्मीद कर के ज़माने के इमाम मसीह मौऊद और महदी माहूद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि इस सोच के साथ जहां भी तुम मस्जिदें बनाओगे इस्लाम के परिचय और तब्लीग़ के नए रास्ते खोलते चले जाओगे। लोगों का इस्लाम की ओर ध्यान होगा। इस की सुन्दर शिक्षा उन्हें अपना प्रिय कर लेगी और इस प्रकार तुम्हारी संख्या भी बढ़ती चली जाएगी।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया : अतः यही उद्देश्य है जिसके लिए हमें अपनी मस्जिदें बनानी चाहिऐं और हम बनाते हैं। यही वह शिक्षा है जिसको आज मीडिया के माध्यम से देखकर और इस का ज्ञान पा कर संसार हमारी ओर मुतवज्जा होती है। एक आम आदमी से लेकर बड़े बड़े लीडर और सियास्तदान जब देखते हैं कि एक ओर तो संप्रदायवादी गिरोह हैं जो मार-धाड़ और बिना भेद भाव क़तल-ओ-ग़ारत में लगे हुए हैं और दूसरी ओर एक जमाअत है जो मुहब्बत प्यार शांति और अमन के लिए प्रयास कर रही है। एक ओर तो ऐसे तथाकथित मुस्लमानों की मस्जिदें हैं जिनसे अल्लाह तआला और उसके रसूल के नाम पर ग़ालियां और ग़लाज़तों से भरे हुए भावनाओं के प्रकटन किए जाते हैं और दूसरी ओर केवल अमन और सुलह की बात की जाती है और "मुहब्बत सब के लिए नफ़रत किसी से नहीं" के नारे बुलंद किए जाते हैं। निश्चित तौर पर ये बातें अपनी ओर ध्यान खींचती हैं। लोगों को जिज्ञासा पैदा होती है कि इन दो किस्मों के मुस्लमानों में अंतर क्यों है? और फिर यह जिज्ञासा आजकल के जदीद मीडिया इंटरनैट इत्यादि के माध्यम से जमाअत अहमदिया के बारे में मालूमात प्राप्त करने के प्रयास की ओर मायल करती है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : परसों डबलिन पार्लियामेंट में जाने का संयोगं हुआ। कुछ सदस्यों को पार्लियामेंट से मिलने का भी अवसर मिला। इन में से एक साहब कहने लगे कि जमाअत अहमदिया जिस तरह इन्सानियत की क़द्रें क़ायम करने के लिए और अमन की स्थापना के लिए प्रयास करती है वे दूसरे मुस्लमानों में नज़र नहीं आतीं और ये मालूमात जमाअत के बारे में बड़ी गहराई में जा कर मैंने ली हैं। और कहने लगे कि ये सब मालूमात लेकर मैं इस बात का इच्छुक हूँ कि अब जमाअत अहमदिया डबलिन में भी जल्द मस्जिद बनाए ताकि ये मुहब्बत और आला क़दरों का संदेश इस शहर में भी शेष पृष्ठ 10पर

हदीसों में विशेषता बुख़ारी और मुस्लिम में यह कहीं वज़ाहत नहीं मिलती कि सुन्नतों की चारों रकात में सूरत फ़ातेहा के साथ क़ुरआन का कुछ हिस्सा अवश्य पढ़ा जाए

जिस तरह फ़र्ज़ नमाज़ों की केवल पहली दो रकात में सूरः फ़ातेहा के बाद क़ुरआन-ए-करीम का कुछ हिस्सा पढ़ा जाता है इसी तरह सुन्नत नमाज़ों की भी

केवल पहली दो रकात में ही सूरत फ़ातेहा के बाद क़ुरआन-ए-करीम का कुछ हिस्सा पढ़ा जाएगा और तीसरी और चौथी रकात में केवल सूरत फ़ातेहा पर ही इकतिफ़ा किया जाएगा और यही मेरा मत है

सय्यदना हज़रत अमीरुल मो'मिनीन ख़लीफ़तुल मसीह अल् ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ से पूछे जाने वाले महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर

(क़िस्त10)

प्रश्न : एक दोस्त ने सुन्नत नमाज़ों की तीसरी और चौथी रकात में सूरत अल् फ़ातेहा के साथ क़ुरआन-ए-करीम का कुछ हिस्सा पढ़ने के बारे में मार्गदर्शन चाह। जिस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल ने अपने पत्र तिथि 14 मार्च 2019 में इस प्रश्न का निम्नलिखित उत्तर अता फ़रमाया। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया :

उत्तर : हदीसों में जिस तरह फ़र्ज़ नमाज़ों की पहली दो रकात में सूरः फ़ातेहा के बाद क़ुरआन-ए-करीम का कुछ हिस्सा पढ़ने के विषय में विवरण पाया जाता है। इस तरह हदीसों और विशेषता सही बुख़ारी और सही मुस्लिम में यह कहीं वज़ाहत नहीं मिलती कि सुन्नतों की चारों रकात में सूरत अल् फ़ातेहा के साथ क़ुरआन का कुछ हिस्सा ज़रूर पढ़ा जाए।

फ़ुक़हा का भी इस बारे में मतभेद है। इस लिए मालकी और हनबली मसलक वाले सुन्नतों की समस्त रकात में सूरः फ़ातेहा के साथ क़ुरआन-ए-करीम का कुछ हिस्सा पढ़ते हैं जबकि हनफ़ी और शाफ़ी तीसरी और चौथी रकात में सूरः फ़ातेहा के बाद क़ुरआन-ए-करीम का कोई हिस्सा नहीं पढ़ते।

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अल् राबे रहमहुल्लाह तआला के निकट इस विषय में फ़र्ज़ और सुन्नत नमाज़ में कोई अंतर नहीं। जिस तरह फ़र्ज़ नमाज़ों की केवल पहली दो रकात में सूरः फ़ातेहा के बाद क़ुरआन-ए-करीम का कुछ हिस्सा पढ़ा जाता है इसी तरह सुन्नत नमाज़ों की भी केवल पहली दो रकात में ही सूरः फ़ातेहा के बाद क़ुरआन-ए-करीम का कुछ हिस्सा पढ़ा जाएगा और तीसरी और चौथी रकात में केवल सूरः फ़ातेहा पर ही संतुष्टि की जाएगा और यही मेरा मत है।

प्रश्न : एक दोस्त ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल की ख़िदमत अक़्दस में हाल ही में किसी मुल्क में पत्थरों से मार-मार कर मार डालने की सज़ा के लागू करने का वर्णन कर के दरयाफ़त किया है कि क्या इस ज़माना में भी पत्थरों से मार-मार कर मार डालने की सज़ा का लागू किया जा सकता है? हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल ने अपने पत्र तिथि 14 मार्च 2019 में इस प्रश्न का निम्नलिखित उत्तर अता फ़रमाया। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया :

उत्तर : इस्लाम की तालीमात जिस में सज़ाएं भी शामिल हैं, किसी ज़माना या मुल्क के साथ विशेष नहीं बल्कि आलमगीर और दाइमी हैं। लेकिन इस्लामी सज़ाओं के बारे में यह बात हमेशा समक्ष रहनी चाहिए कि उनके साधारणता दो पहलू हैं एक इंतिहाई सज़ा और एक निसबतन कम सज़ा और उन सज़ाओं का बुनियादी उद्देश्य बुराई की रोक-थाम और दूसरों के लिए सबक का सम्मान करना है।

अतः यदि व्यभिचार फ़रीक़ैन की आपसी रजामंदी से हो और वे इस्लामी तरीक़ा-ए-शहादत के साथ साबित हो जाए तो फ़रीक़ैन को सौ कोड़ों की सज़ा का आदेश है। लेकिन जिस व्यभिचार में ज़बरदस्ती की जाए और उस में निहायत वहशियाना मज़ालिम की भावना पाई जाती हो। या कोई व्यभिचारी छोटे बच्चों को अपने ज़ुल्मों का निशाना बनाते हुए इस घिनौनी हरकत का मुर्तक़िब हुआ हो तो ऐसे व्यभिचारी की सज़ा केवल सौ कोड़े तो नहीं हो सकती। ऐसे व्यभिचारी को फिर क़ुरआन-ए-करीम की सूरत अल् मायदा आयत 34 और सूरत अल् अहज़ाब की आयत 61 से 63 में वर्णित शिक्षा की दृष्टि से क़तल और संगसारी जैसी इंतिहाई सज़ा भी दी जा सकती है। लेकिन इस सज़ा का निर्णय करने का अधिकार हुकूमत-ए-वक़्त को दिया गया है और इस तालीम के माध्यम से उमूमी तौर पर हुकूमत-ए-वक़्त के लिए एक रास्ता खोल दिया गया।

प्रश्न : एक दोस्त ने एक वक़्त में दी जाने वाली तीन तलाक़ों, ग़ुस्सा की हालत में दी जाने वाली तलाक़ और तलाक़ के लिए गवाही के मसायल के विषय में कुछ इस्तिफ़सार हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल की ख़िदमत अक़्दस में अर्ज़ किए। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल ने अपने पत्र तिथि 01 जून 2019 में इन प्रश्नों का निम्नलिखित उत्तर अता फ़रमाया। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया :

उत्तर : कोई व्यक्ति अपनी पत्नी को पूरे होश-ओ-हवास से तलाक़ दे तो तलाक़ चाहे ज़बानी हो या तहरीरी, हर दो सूरत में प्रभावी होगी। जबकि एक नशिस्त में तीन बार दी जाने वाली तलाक़ केवल एक ही तलाक़ शुमार होती है। इस लिए पुस्तकों हदीसों में हज़रत रूकाना बिन अबद यज़ीद रज़ियल्लाहु अन्हु का वाक़िया मिलता है कि उन्होंने अपनी पत्नी को एक वक़्त में तीन तलाक़ें दे दीं जिसका उन्हें बाद में अफ़सोस हुआ। जब मामला आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पास पहुंचा तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि इस तरह एक तलाक़ होती है यदि तुम चाहो तो रुजू कर सकते हो इस लिए उन्होंने अपनी तलाक़ से रुजू कर लिया और फिर उस पत्नी को हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माना ख़िलाफ़त में दूसरी और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के ज़माना ख़िलाफ़त में तीसरी तलाक़ दी।

(सुंन अबी दाऊद, किताब अल् तलाक़, बाब फी الْبَتَّةِ)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम इस बारे में फ़रमाते हैं : "तलाक़ एक वक़्त में कामिल नहीं हो सकती। तलाक़ में तीन तुहर (माहवारी से पवित्रता) होने ज़रूरी हैं। फ़ुक़हा ने एक ही स्थान पर तीन तलाक़ दे देनी जायज़ रखी है परन्तु साथ ही इस में यह रियायत भी है कि इद्दत के बाद यदि पति रुजू करना चाहे तो वह महिला उसी पति से निकाह कर सकती है और दूसरे व्यक्ति से भी कर सकती है।"

(मल्फ़ूज़ात, भाग पंजुम, पृष्ठ 17 प्रकाशन 2016 ई.)

इसी तरह जब कोई व्यक्ति अपनी पत्नी को तलाक़ देता है तो उस की किसी नाक़ाबिल-ए-बर्दाश्त और फ़ुज़ूल हरकत पर नाराज़ हो कर यह क़दम उठाता है। पत्नी से ख़ुश हो कर तो कोई इन्सान अपनी पत्नी को तलाक़ नहीं देता। इसलिए ऐसे ग़ुस्सा की हालत में दी जाने वाली तलाक़ भी प्रभावी होगी। जबकि यदि कोई इन्सान ऐसे तैश में था कि इस पर जुनून की कैफ़ीयत तारी थी और उसने परिणामों पर ग़ौर किए बग़ैर जल्द-बाज़ी में अपनी पत्नी को तलाक़ दी और फिर उस जुनून की कैफ़ीयत के ख़त्म होने पर नादिम हुआ और उसे अपनी ग़लती का एहसास हुआ तो उसी किस्म की कैफ़ीयत के लिए क़ुरआन-ए-करीम ने फ़रमाया है कि لَا يُؤَاخِذُكُمُ اللّٰهُ بِاللَّغْوِ فِيْٓ اَيْمَانِكُمْ وَلٰكِنْ يُّؤَاخِذُكُمْ بِمَا كَسَبَتْ قُلُوْبُكُمْ ۗ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ حَلِيْمٌ۔ (अल् बकरा : 226) अर्थात अल्लाह तुम्हारी कस्मों में (से) लग़ू (कस्मों) पर तुमसे पूछताछ नहीं करेगा। हाँ जो (गुनाह) तुम्हारे दलों ने (इरादे से) कमाया इस पर तुमसे पूछताछ करेगा और अल्लाह बहुत बख़शने वाला (और) बुर्दबार है।

जहां तक तलाक़ के लिए गवाही का मसला है तो यह इसलिए है कि झगड़े की सूरत में निर्णय करने में आसानी रहे। लेकिन यदि पति पत्नी तलाक़ के इजरा पर सहमत हों और उनमें कोई मतभेद न हो तो फिर गवाही के बग़ैर भी ऐसी तलाक़ प्रभावी शुमार होगी। अतः तलाक़ के लिए गवाही का होना मुस्तहब है लाज़िमी नहीं। इस लिए क़ुरआन-ए-करीम ने तलाक़ और रुजू के सिलसिला में जहां गवाही का वर्णन किया है वहां उसे नसीहत क़रार दिया है। जैसा कि फ़रमाया :

فَاِذَا بَلَغْنَ اَجَلَهُنَّ فَاَمْسِكُوْهُنَّ بِمَعْرُوْفٍ اَوْ فَارِقُوْهُنَّ بِمَعْرُوْفٍ وَّاَشْهِدُوْا ذَوَىْ عَدْلٍ مِّنْكُمْ وَاَقِيْمُوا الشَّهَادَةَ لِلّٰهِ ۗ ذٰلِكُمْ يُوْعَظُ بِهٖ مَنْ كَانَ يُؤْمِنُ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ ۔ وَمَنْ يَّتَّقِ اللّٰهَ يَجْعَلْ لَّهٗ مَخْرَجًا

(तलाक़ : 3) अर्थात फिर जब महिलाएं इद्दत की आख़िरी हद को पहुंच जाएं तो उन्हें मुनासिब तरीक़ पर रोक लो या उन्हें मुनासिब तरीक़ पर फ़ारिग़ कर दो। और अपने में से दो मुंसिफ़ गवाह निर्धारित करो। और ख़ुदा के लिए सच्ची गवाही दो। तुम

में से जो कोई अल्लाह और आख़िरत के दिन पर ईमान लाता है इस को यह नसीहत की जाती है और जो व्यक्ति अल्लाह का तक़्वा अख्तियार करेगा अल्लाह उसके लिए कोई न कोई रस्ता निकाल देगा।

इस लिए फ़ुक़हा अर्बा भी इस बात पर सहमत हैं कि यदि कोई व्यक्ति बग़ैर गवाहों के तलाक़ दे दे या रुजू कर ले तो उस की तलाक़ या रुजू पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

ज़ाईक दोस्त ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल की ख़िदमत-ए-अक़्दस में क़ुरआन-ए-करीम की तिलावत के बाद "صَدَقَ اللّٰهُ الْعَظِيْم" के शब्द पढ़ने के बारे में अपनी राय का इज़हार कर के मार्गदर्शन चाहा, इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल ने अपने पत्र तिथि 11 जून 2019 में निम्नलिखित उत्तर अता फ़रमाया। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया :

उत्तर : मैंने इस बारे में तहक़ीक़ करवाई है। उल्मा में दोनों किस्म के नुक़्ता-ए-नज़र पाए जाते हैं। जो उस के जवाज़ के क़ायल हैं उन्होंने कुछ क़ुरआन की आयात और हदीसों से इस्तिदलाल करके उसके जवाज़ की राह निकाली है।

मेरे निकट भी यदि कोई तिलावत करने के बाद ये शब्दों पढ़ ले तो इस में कोई हर्ज की बात नहीं। क्योंकि इस में कोई बुराई तो बहरहाल नहीं बल्कि अल्लाह तआला के कलाम के सच्चा होने की तसदीक़ की जा रही है। लेकिन इन शब्दों का मतलब जाने बग़ैर केवल एक रस्म के तौर पर उन्हें दोहरा देना एक बेमानी फ़ेअल शुमार होगा।

प्रश्न : एक दोस्त ने यात्री के लिए रमज़ान के रोज़ों की रुख़स्त के बारे में सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो के कुछ इर्शादात हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल की ख़िदमत-ए-अक़्दस में पेश कर के उनकी बाहम ततबीक़ के विषय में मार्गदर्शन चाहा। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल ने अपने पत्र तिथि 11 जून 2019 में इस प्रश्न का निम्नलिखित उत्तर अता फ़रमाया। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया :

उत्तर : आप के पत्र में वर्णन दोनों किस्म के इर्शादात में कोई मतभेद नहीं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो दोनों ही का क़ुरआन-ए-करीम के स्पष्ट आदेश की रोशनी में यही इरशाद है कि यात्री और मरीज़ को रोज़ा नहीं रखना चाहिए। और यदि कोई व्यक्ति बीमारी में या सफ़र की हालत में रोज़ा रखता है तो वह ख़ुदा तआला के स्पष्ट आदेश की ना-फ़रमानी करता है।

जहां तक हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो के इरशाद "रोज़े में सफ़र है। सफ़र में रोज़ा नहीं" का सम्बन्ध है तो यदि इस सारे ख़ुतबा को ग़ौर से पढ़ा जाए तो बात स्पष्ट हो जाती है कि हुज़ूर वास्तव इस में अलग मिसालें वर्णन फ़र्मा कर समझा रहे हैं कि ऐसा सफ़र जो बाक़ायदा तैयारी के साथ, सामान-ए-सफ़र बांध कर सफ़र की नीयत से किया जाए वह सफ़र ख़ाह छोटा ही क्यों न हो उस में शरीयत रोज़ा रखने से मना करती है। लेकिन ऐसा सफ़र जो सैर के उद्देश्य से किसी trip और enjoyment के लिए किया जाए, वह रोज़े के लिहाज़ से सफ़र शुमार नहीं होगा और इस में रोज़ा रखा जाएगा। इस लिए सफ़र में रोज़ा रखने के बारे में आपके अन्य इर्शादात भी आपके इसी दृष्टिकोण की ताईद करते हैं।

प्रश्न : एक दोस्त ने हुज़ूर अनवर की ख़िदमत अक़्दस में इस्तिफ़सार भिजवाया कि क्या लड़की अपने निकाह के अवसर पर ख़ुद ईजाब-ओ-क़बूल कर सकती है, तथा यह कि ऐलान निकाह के अवसर पर हक़ महर का वर्णन करना ज़रूरी है? हुज़ूर अनवर ने अपने पत्र तिथि 22 जुलाई 2019 में इस का निम्नलिखित उत्तर अता फ़रमाया। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया :

उत्तर : अल्लाह तआला ने क़ुरआन करीम में जहां मुस्लमान मर्दों को मोमिन महिलाओं के साथ और मुस्लमान महिलाओं को मोमिन मर्दों के साथ निकाह करने का आदेश दिया है वहां अल्लाह तआला ने पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए अलग अलग शब्दों इस्तिमाल किए हैं। इस लिए मर्दों के लिए फ़रमाया "وَلَا تَنْكِحُوا الْمُشْرِكَاتِ" कि तुम मुशरिक महिलाओं से निकाह न करो और महिलाओं के लिए फ़रमाया "وَلَا تُنْكِحُوا الْمُشْرِكِيْنَ" कि तुम (अपनी लड़कीयां) मुशरिक मर्दों से न ब्याहा करो।

गोया इस आयत में अल्लाह तआला ने महिलाओं के वलीयों पर उनके निकाह के आयोजित करने की ज़िम्मेदारी डाली है। इसी लिए ऐलान निकाह के अवसर पर लड़की की तरफ़ से इस का वली ईजाब-ओ-क़बूल करता है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम इस अमर की तरफ़ तवज्जा दिलाते हुए फ़रमाते हैं :

"महिला स्वयं निकाह के तोड़ने की मजाज़ नहीं है जैसा कि वह ख़ुद बख़ुद निकाह करने की मजाज़ नहीं बल्कि हाकिम-ए-वक़्त के माध्यम से निकाह को तोड़ा जा सकता है जैसा कि वली के माध्यम से निकाह को करा सकती है।"

(आर्या धरम पृष्ठ 32 रुहानी ख़ज़ायन भाग 10 पृष्ठ 37)

अतः ऐलान-ए-निकाह में ईजाब-ओ-क़बूल के वक़्त लड़की की तरफ़ से उस का वली यह ज़िम्मेदारी अदा करेगा और यही जमाअती रिवायत है।

जहां तक ऐलान-ए-निकाह में हक़ महर के वर्णन की बात है तो यह ज़रूरी नहीं, क्योंकि क़ुरआन-ए-करीम के अहकामात के अनुसार हक़ महर के चयन के बग़ैर भी निकाह हो सकता है जैसा कि फ़रमाया : لَا جُنَاحَ عَلَيْكُمْ إِنْ طَلَّقْتُمُ النِّسَاءَ مَا لَمْ تَمَسُّوهُنَّ أَوْ تَفْرِضُوا لَهُنَّ فَرِيضَةً وَمَتِّعُوهُنَّ عَلَى الْمُوسِعِ قَدَرُهُ وَعَلَى الْمُقْتِرِ قَدَرُهُ مَتَاعًا بِالْمَعْرُوفِ حَقًّا عَلَى الْمُحْسِنِينَ (सूरत अल् बकर : 237) अर्थात तुम पर कोई गुनाह नहीं यदि तुम महिलाओं को उस वक़्त भी तलाक़ दे दो जबकि तुमने उनको छूआ तक न हो या महर न निर्धारित किया हो। और (चाहिए कि इस सूरत में) तुम उन्हें मुनासिब तौर पर कुछ सामान दे दो (ये अमर) दौलतमंद पर उस की ताक़त के अनुसार (लाज़िम है) और नादार पर उसकी ताक़त के अनुसार (हमने ऐसा करना) नेकोकारों पर वाजिब (कर) दिया है।

प्रश्न : हज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल के साथ नैशनल मज्लिस-ए-आमला स्वीडन की virtual मुलाक़ात तिथि 29 अगस्त 2020 ई. में हुज़ूर अनवर ने इस मुलाक़ात से एक दिन क़बल इस्लाम मुख़ालिफ़ ग्रुप की तरफ़ से स्वीडन में क़ुरआन-ए-करीम के नुस्ख़ा को जलाने की मुज़म्मत, उस की वजह और इस पर एक अहमदी मुस्लमान की प्रतिक्रिया के बारे में मार्गदर्शन करते हुए फ़रमाया कि यहां तो सुना है कि कल रात झगड़े भी हुए हैं, इस का असर तो आप के शहर के क्षेत्र में नहीं है? आदरणीय अमीर साहिब स्वीडन के उत्तर पर कि रात को ये झगड़े हुए थे लेकिन अब अल्लाह तआला के फ़ज़ल से हालात ठीक हैं। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया :

अब यह जो इस्लाम के बारे में misconception है, इस को आपने ही दूर करना है। यह जो व्यक्ति खड़ा हुआ है कि मैं क़ुरआन जला दूंगा। और उसको ठीक है पुलिस ने नहीं आज्ञा दी लेकिन साथ ही उसे यह भी कह दिया कि उसे अपील का right है, वह अपील कर सकता है। और कुछ उस के जो followers थे या उसके ग्रुप के लोग थे, उन्होंने पार्क में जा कर कल रात को क़ुरआन-ए-करीम जला भी दिया। तो यह क्यों हो रहा है? इसलिए कि उन्हें पता ही नहीं है कि इस्लाम की तालीम क्या है, क़ुरआन-ए-करीम की तालीम क्या है। और इसलिए कि मुस्लमानों के जो दहश्तगर्द अमल हैं वे उनको यही बताते हैं कि हाँ यह शायद क़ुरआन में ही होगा। वे जो अन्य दूसरे आदेश हैं कि किन हालात में करो, उसका उन लोगों

शेष पृष्ठ 12 पर

हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और यदि खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और यदि बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ

KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

पृष्ठ02 का शेष

तरह बेचैन हो कर सवाल करें, अल्लाह तआला को पाने के लिए हर कोशिश करने का बेचैनी से इज़हार करें तो अल्लाह तआला फ़रमाता है उनसे कह दो घबराओ नहीं। मैं तुम्हारे क़रीब ही हूँ। अतः पहली बात या शर्त तो अल्लाह तआला ने अपने पाने के लिए अल्लाह तआला का बंदा बनने की लगा दी।

यदि इन्सान ख़ुदा तआला का बंदा बनने का हक़ अदा करने वाला बन जाए तो फिर अल्लाह तआला फ़रमाता है मैं उस की पुकार भी सुनता हूँ, उस के शैतान को जकड़ देता हूँ। जब भी शैतान हमला-आवर हो में मदद के लिए आ जाता हूँ। केवल साल का एक महीना नहीं जो रमज़ान का महीना है बल्कि हमेशा ऐसे व्यक्ति को शैतान के हमले से बचाऊंगा इस शर्त पर कि मेरी बंदगी का हक़ अदा करो, मेरे हुक्मों को मुस्तक़िल मानो। केवल रमज़ान के महीने में ही नेकियां न बजा लाओ बल्कि हुक़ूक़ अल्लाह और हुक़ूकुल-ईबाद अदा करो। क़ुरआन-ए-करीम की तालीम पर अमल करो, अपने ईमान को पुख़्ता करो। अल्लाह तआला फ़रमाता है मेरी समस्त सिफ़ात पर कामिल यक़ीन और ईमान रखो। फिर देखो किस तरह क़ुबूलियत-ए-दुआ के दृश्य भी तुम देखते हो और अपनी ज़िंदगियों को इस तरह ढालने वाले ही हक़ीक़ी सफ़लत और हिदायत पाने वाले हैं। अतः ख़ुश-क़िस्मत हैं हम में से वे जो इस रमज़ान को अपनी क़बूलीयत-ए-दुआ का हमेशा माध्यम बना लें।

अल्लाह तआला के हक़ीक़ी अबद बनने वाले हों। अल्लाह तआला के हुक्मों पर अमल करने वाले हों। अपने ईमान को कामिल करने वाले हों। हम ख़ुश-क़िस्मत हैं कि हमें इस ज़माने के इमाम और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आशिक़-ए-सादिक़ मसीह मौऊद और मह्दी माहूद को मानने की अल्लाह तआला ने तौफ़ीक़ अता फ़रमाई है जिन्हों ने हमें अल्लाह तआला का क़ुरब पाने के रास्ते और दुआ की क़बूलीयत के रास्ते और दुआ का तरीक़ दिखाए। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक अवसर पर फ़रमाते हैं "महान प्रतापी अल्लाह ने जो दरवाज़ा अपनी मख़लूक़ की भलाई के लिए खोला है वह एक ही है अर्थात दुआ। जब कोई व्यक्ति विलाप और पीढ़ा से इस दरवाज़ा में दाख़िल होता है तो वह मौला-ए करीम उस को पाकीज़गी और तहारत की चादर पहना देता है और अपनी अज़मत का ग़लबा उस पर इस क़दर कर देता है कि बेजा कामों और नाकारा हरकतों से वे कोसों दूर भाग जाता है।"

(मल् फ़ूज़ात, भाग 5 पृष्ठ 438 ऐडीशन 1984 ई.)

फिर इस बात की वज़ाहत करते हुए कि क़बूलीयत-ए-दुआ के लिए कैसी हालत पैदा करने की ज़रूरत है, क्या लवाज़मात हैं जो क़बूलीयत दुआ के लिए ज़रूरी हैं, अल्लाह तआला का अबद बनने के लिए ज़रूरी हैं आप फ़रमाते हैं कि "यह सच्ची बात है कि जो व्यक्ति आमाल से काम नहीं लेता वे दुआ नहीं करता बल्कि ख़ुदा तआला की आज़माईश करता है।

इसलिए दुआ करने से पहले अपनी समस्त ताक़तों को ख़र्च करना ज़रूरी है। और यही अर्थ इस दुआ " "اِھۡدِنَا الصِّرَاطَ الۡمُسۡتَقِیۡمَ" کے ھیں۔ के हैं। फ़रमाया पहले लाज़िम है कि इन्सान अपने एतिक़ाद, आमाल में नज़र करे। अपने एतिक़ाद पर, अपने आमाल पर नज़र करे क्योंकि ख़ुदा तआला की आदत है कि इस्लाह अस्बाब के पैराया में होती है। वह कोई न कोई ऐसा सबब उत्पन कर देता है कि जो इस्लाह का माध्यम हो जाता है। वे लोग इस मुक़ाम पर ज़रा ख़ास ग़ौर करें जो कहते हैं कि जब दुआ हुई तो अस्बाब की क्या ज़रूरत है। दुआ कर ली इसलिए अमल की ज़रूरत कोई नहीं, सामानों की ज़रूरत कोई नहीं, कोशिश की ज़रूरत कोई नहीं। आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि वे नादान सोचें कि दुआ बजाए ख़ुद एक मख़फ़ी सबब है जो दूसरे अस्बाब को पैदा कर देता है (मल् फ़ूज़ात, भाग 1 पृष्ठ 124 ऐडीशन 1984 ई.) दुआ तो ख़ुद एक सबब है, छिपा हुआ सबब है, और दूसरे सबब को, अस्बाब को पैदा करने की वजह बनती है।

अतः क़बूलीयत दुआ के लिए, अल्लाह तआला का अबद बनने के लिए यह ज़रूरी है कि इन्सान कोशिश कर के अल्लाह तआला से एक तो इस का फ़ज़ल मांगे और फ़ज़ल यह है कि रौ और तड़प कर के उसके बंदों में शामिल हो और इस के लिए कोशिश करे। यह दुआ करे कि मुझे अपने बंदों में शामिल कर ले। उन बंदों में जो एतिक़ाद और आमाल के लिहाज़ से अल्लाह तआला के ख़ालिस बंदे हैं। वह दुआ करने से पहले अपने अमल को भी ख़ुदा तआला की रज़ा के मुताबिक़ ढालने की कोशिश करे और उन बंदों में शामिल हो जिनके ईमान डगमगाने वाले नहीं हैं और पक्के और मज़बूत हैं। वे इस बात पर यक़ीन रखते हैं कि अल्लाह तआला में यह ताक़त है कि वह मिट्टी के कण को भी सोना बना सकता है। वह यह ताक़त रखता है कि इंतिहाई बिगड़े हुओं को भी अपने इबाद में शामिल कर ले। उनको अपने रास्ते दिखाए और फिर वह ख़ुदा तआला की तरफ़ चलने वाले रास्तों पर चलने वाले बन जाएं। इस मज़मून को भी अल्लाह तआला ने क़ुरआन-ए-करीम में बयान फ़रमाया है कि मेरे रास्ते पर चलने के लिए जिहाद करने वालों को में अपना रास्ता दिखाता हूँ। जैसा कि अल्लाह तआला फ़रमाता है। وَالَّذِیۡنَ جَاھَدُوۡا فِیۡنَا لَنَھۡدِیَنَّھُمۡ سُبُلَنَا (अल् अन्कबूत : 70) अर्थात वे लोग जो हमसे मिलने की कोशिश करते हैं हम ज़रूर उनको अपने रास्ते दिखाते हैं। अतः यह रमज़ान का महीना खासतौर पर इस जिहाद का महीना है। इस में हमें भरपूर कोशिश करनी चाहिए, एक जिहाद करना चाहिए कि हम ख़ुदा तआला के उन बंदों में शामिल हो जाएं जो अल्लाह तआला के इबाद में शामिल हैं, उन लोगों में शामिल हो जाएं जिनके अल्लाह तआला क़रीब है। उन लोगों में शामिल हो जाएं जिनकी दुआएं अल्लाह तआला सुनता है। उन लोगों में शामिल हो जाएं जो अल्लाह तआला के हुक्मों पर चलने वाले लोग हैं। उन लोगों में शामिल हो जाएं जिनको अल्लाह तआला की समस्त सिफ़ात पर पूर्ण ईमान और यक़ीन है। उन लोगों में शामिल हो जाएं जो हक़ीक़ी हिदायत याफताह हैं। उन लोगों में शामिल हो जाएं जिनका शैतान हमेशा के लिए जकड़ा जाता है लेकिन जैसा कि अल्लाह तआला के फ़रमान से ज़ाहिर है इसके लिए पहले हमें जिहाद की ज़रूरत है। अपनी हालतों को अल्लाह तआला की रज़ा के मुताबिक़ बनाने की ज़रूरत है। इस बारे में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने मुख़्तलिफ़ अवसरों पर हमारी राहनुमाई फ़रमाई, मुख़्तलिफ़ ज़ावियों से राहनुमाई फ़रमाई। इस लिए एक जगह आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं "भला यह क्योंकर हो सके कि जो व्यक्ति निहायत लापरवाई से सुस्ती कर रहा है वह ऐसा ही ख़ुदा के फ़ैज़ से मुस्तफ़ीज़ हो जाए जैसे वे व्यक्ति कि जो समस्त अक़ल और समस्त ज़ोर और समस्त इख़लास से उस को ढूंढता है। इसी की तरफ़ एक दूसरे मुक़ाम में भी अल्लाह तआला ने इशारा फ़रमाया है और वह यह है وَالَّذِیۡنَ جَاھَدُوۡا فِیۡنَا لَنَھۡدِیَنَّھُمۡ سُبُلَنَا ی अर्थात जो लोग हमारी राह में कोशिश करते हैं हम उनको बिना ज़रूर अपनी राहें दिखला दिया करते हैं।" (बराहीन-ए-अहमदिया भाग 4, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 1 पृष्ठ 566-567 हाशिया नंबर 11)

अतः वाज़िह फ़र्मा दिया कि लापरवाई और सुस्ती दिखाने वाले के लिए मुम्किन नहीं कि ख़ुदा तआला उसको भी उन लोगों में शामिल कर ले जो अपनी समस्त ताक़तों और सलाहीयतों के साथ ख़ुदा तआला का क़ुरब पाने की कोशिश करते हैं, एक जिहाद करते हैं।

लोग प्रश्न करते हैं, पत्रों में मुझे लिख देते हैं कि हमने बहुत दुआ की है लेकिन अपने उद्देश्य में सफ़ल नहीं हो सके। अतः जो यह कहते हैं वह ग़लत है। अल्लाह तआला ग़लत नहीं। जिसको इन्सान अपनी तरफ़ से बहुत दुआ का मयार समझ रहा होता है हो सकता है अल्लाह तआला के नज़दीक इस में भी कमी हो और अभी उसे मज़ीद जिहाद की ज़रूरत हो। फिर अपने तरीक़-ए-दुआ को भी देखने की ज़रूरत है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम यह फ़र्मा रहे हैं कि जो व्यक्ति अपनी समस्त अक़ल और समस्त ज़ोर और समस्त इख़लास के साथ उसे ढूंढ रहा है अल्लाह तआला फ़रमाता है हम उसे बिना ज़रूरत अपनी राहें दिखला दिया करते हैं। अतः हमें देखना होगा कि हमने अपनी अक़ल के अनुसार, अपनी तमाम-तर सलाहीयतों के मुताबिक़ अल्लाह तआला के इस हुक्म पर अमल कर लिया है कि فَلۡیَسۡتَجِیۡبُوۡا لِیۡ ک। कि मेरी बात पर लब्बैक कहें। अल्लाह तआला के हुक्मों पर मुकम्मल अमल करने की कोशिश कर रहे हैं। समस्त ज़ोर इस बात पर लगा दिया है कि अल्लाह तआला की हर बात पर लब्बैक कहना है। पूरे इख़लास-ओ-वफ़ा के साथ अल्लाह तआला के हुक्मों पर अमल कर रहे हैं। यदि नहीं तो फिर हमें शिकवा नहीं करना चाहिए कि अल्लाह तआला ने हमारी दुआओं को नहीं सुना। अतः दुआओं की क़बूलीयत के लिए भी पहले अपनी हालतों को बदल कर ख़ुदा तआला की तरफ़ क़दम बढ़ाना ज़रूरी है, जिहाद करना ज़रूरी है।

बंदे ने जिहाद की इंतिहा क्या करनी है। अल्लाह तआला तो अपने बंदे पर इतना मेहरबान है कि उसकी ज़रा सी कोशिश को ही वो उसका जिहाद समझ कर नवाज़ देता है। उसकी रहमानियत जो हर चीज़ पर हावी हो जाती है तो फिर बंदे का जिहाद भी आसान हो जाता है। इसको भी आसान कर देती है। इसलिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि अल्लाह तआला फ़रमाता है कि जब बंदा मेरी तरफ़ एक क़दम चल कर आता है तो मैं दो क़दम चल के आता हूँ, उसकी तरफ़ बढ़ता हूँ। जब वह चल कर मेरी तरफ़ आ रहा होता है, तेज़ चल के आ रहा होता है तो मैं दौड़ कर उस की तरफ़ आता हूँ।

(सही मुस्लिम, किताब الذکر والدعاء...باب فضل الذکر والدعاء والتقرب

الی اللہ تعالیٰ हदीस 6833)

अतः ख़ुदा तआला तो हम पर इतना मेहरबान है लेकिन बात वही है कि इख़लास और वफ़ा शर्त है। यह नहीं कि रमज़ान में तो दावा करें कि हम नमाज़ें पढ़ेंगे, अल्लाह तआला के अहकामात पर अमल करेंगे, हुक़ूक़ अल्लाह भी अदा करेंगे और हुक़ूकुल ईबाद भी अदा करेंगे और रमज़ान में यह करते भी रहें लेकिन रमज़ान गुज़रने के बाद फिर ख़ुदा तआला को और इस के अहकामात को भूल जाएं।

दुनिया-दारी हम पर ग़ालिब हो जाए तो फिर ख़ुदा तआला पर यह शिकवा नहीं होना चाहिए कि ख़ुदा तआला तो यह कहता है कि मैं पुकारने वाले की पुकार सुनता हूँ और मैं ने तो रमज़ान में अल्लाह तआला को बहुत पुकारा है लेकिन मेरी दुआएं तो नहीं सुनी गईं।

हमेशा याद रखना चाहिए कि अल्लाह तआला से तो कोई चीज़ गुप्त नहीं है। उसे यह भी पता है कि इन्सान ने अपना अहद-ए-वफ़ा निभाने के पहले भी वादे किए और तोड़ दिए और अब यह केवल रमज़ान में ही नेकियों की तरफ़ तवज्जा कर रहा है तो फिर ऐसे लोगों से अल्लाह तआला जो चाहे वह सुलूक करता है लेकिन यह भी है कि कई दफ़ा ऐसे लोगों की भी कुछ दुआएं अल्लाह तआला क़बूल कर लेता है ताकि उन्हें पता चले कि अल्लाह तआला दुआओं को सुनता है और उनको अल्लाह तआला की तरफ़ ही हर वक़्त झुके रहना चाहिए। अतः अल्लाह तआला तो बंदे पर ज़ुलम नहीं करता। वह तो उसे हर वक़्त अपने प्यार की आग़ोश में लेने की कोशिश करता है। उसे तो अपने बंदे के अपनी तरफ़ आने और ख़ालिस हो कर उसकी बातें मानने की इस से ज़्यादा ख़ुशी होती है जितनी एक माँ को अपने गुमशुदा बच्चे के मिलने की ख़ुशी होती है या जिस तरह एक मुसाफ़िर को रेगिस्तान में अपने सामान से लदे हुए ऊंट के गुम जाने के बाद उसके मिलने से ख़ुशी होती है। अतः ये मिसालें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें दे दे के फ़रमाया कि अल्लाह तआला को तो इस तरह ख़ुशी होती है।(सही अल् बुख़ारी, किताब الادب،باب رحمۃ الولد... हदीस 5999 किताब الدعوات،باب التوبۃ, हदीस 6309)

अतः ये हम ही हैं जो ख़ुदा तआला के हक़ की अदायगी में कोताही करते हैं और फिर शिकवा भी करते हैं कि अल्लाह तआला ने हमारी दुआएं नहीं सुनी। अतः हमें इस लिहाज़ से अपने जायज़े लेने चाहिऐं। यह अह्द करना चाहिए कि हम इस रमज़ान को ख़ुदा तआला को पाने का ज़रीया बनाएंगे। उसके हुक्मों पर चलने की भरपूर कोशिश करेंगे।

जैसे भी हालात हम पर गुज़रें, जितना लंबा अरसा भी हमें जिहाद करना पड़े अल्लाह तआला के प्यार और क़ुरब को हासिल करने के लिए हम यह जिहाद करते चले जाऐंगे। अपने ईमानों को मज़बूत से मज़बूत तर करने की कोशिश करते चले जाऐंगे। यदि ऐसी हालत हम अपने पर तारी करने वाले बन जाएं तो क़ुबूलियत-ए-दुआ के मोजज़ात भी हम देखने वाले होंगे और ये बातें नहीं बल्कि यह मुक़ाम लोग हासिल करते रहे हैं और अब भी करते हैं। इस लिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं "इस आयत को नाज़िल हुए तेराह सौ बरस गुज़र गया है और कुछ संदेह नहीं कि तदनुसार मज़मून इस आयत के हर एक जो इस अरसा में मुजाहिदा करता रहा है वह वादा لَنَهْدِيَنَّهُمْ से बांटा हुआ हिस्सा लेता रहा है और अब भी लेता है और आइन्दा भी लेगा।" (अल् हक़ मुबाहेसा दिल्ली, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 4 पृष्ठ 192)

अतः हमें कोशिश करनी चाहिए कि अल्लाह तआला के इस फ़ैज़ को हिस्सा लेने वाले बनें और कभी अपना जिहाद जो अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने के लिए जिहाद है, जो अल्लाह तआला के हुक्मों पर चलने का जिहाद है, जो क़ुरआन-ए-करीम के सात सौ या ज़्यादा हुक्मों पर चलने का जिहाद है, जो ईमान को कामिल करने का जिहाद है, जो अल्लाह तआला की सिफ़ात को हासिल करने का जिहाद है कभी उसे कम न होने दें। हमारा हर क़दम तरक़्क़ी की तरफ़ बढ़ने वाला क़दम हो और यह रमज़ान हमारे इस जिहाद का मील का पत्थर हो।

इस विषय के हवाले से हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के कुछ और उद्धरण और हवाले भी पेश करता हूँ। यह ऐसा विषय है कि जिसको बार-बार सुनकर समझने की ज़रूरत है और यदि ये हमारी ज़िंदगीयों का हक़ीक़त में हिस्सा बन जाए तो एक इन्क़िलाब हम दुनिया में पैदा कर सकते हैं।

